RK GIRLS' VOICE
May, 2025
Edt. Year 8 Shri Ratanlal Kanwarlal Patni Girls' College, Kishangarh - P. G. College Affiliated to M.D.S.U. Ajmer Newsletter



'ज्ञान' की सीमा अनन्त होती है। इसकी प्राप्ति हेतु एक ज्ञानार्थी को प्रकृति, योग, संकल्प, साधना, सान्निध्य व अनुशासन से प्रतिपुष्टित होकर संयोग स्थापित करना आवश्यक है। अब तक के श्रेष्ठ मानव इन बिन्दुओं का ही जीवन्त प्रमाण हैं। मुझे विश्वास है वर्तमान में अध्ययनरत विद्यार्थी अपनी मंज़िल हेतु इस संकल्पना से प्रतिबद्ध होंगे।

इन्हीं संकल्पित प्रयासों का प्रकाश बिन्दु हमारा न्यूज़ लेटर 'आर.के.गर्ल्स वॉईस' है। इस सम्पूर्ण सम्पादित साधना हेतु सम्पादन मण्डल व महाविद्यालय परिवार को बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

अशोक पाटनी
अध्यक्ष



'कौशल' मनुष्य जीवन में प्रगतिशीलता हेतु आवश्यक है। इसी से मनुष्य में हुनर की स्थापना होती है जिससे वह अपनी आजीविका को सरल व सफलतम बनाता है। हमारा महाविद्यालय प्रत्येक विद्यार्थी में शिक्षा के साथ-साथ कौशल की स्थापना के लिए संकल्पबद्ध है। इसी संकल्पना से हमारी बेटियां अपने सपनों को साकार कर रही है। इन्हीं गौरवान्वित क्षणों का साक्षी हमारा न्यूज़ लेटर 'आर.के.गर्ल्स वॉईस' है। इसके नव प्रकाशन की मै संपादक एवं सम्पूर्ण संपादन मण्डल को असीम बधाई व शुभकामनाएं प्रदान करता हूँ।

सी.ए. सुभाष अग्रवाल
निदेशक व सचिव



नई शिक्षा नीति में ज्ञान एवं कौशल विषय पर गहन चिन्तन मनन के साथ विद्यार्थी के लिए भविष्य की राह प्रशस्ति को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने भारतीय ज्ञान प्रणाली पर बल दिया है। इसमें प्रबुद्धजनों ने ज्ञान को कौशल के साथ जोड़कर अध्ययन अध्यापन के माध्यम से विद्यार्थियों को रोजगार तक पहुँचाने का संकल्प लिया है। कुछ इन्हीं संकल्पों से युक्त शैक्षिक गतिविधियों का सुन्दर समन्वित स्वरूप 'आर.के.गर्ल्स वॉईस' है। इस अनवरत प्रकाशन साधना के लिए सम्पादक एवं सम्पादन मण्डल को बधाई व शुभकामनाएं देता हूँ।

डॉ. शैलेन्द्र पाटनी
प्राचार्य



## एन.सी.सी. कैडेट ममता चौधरी ने दिल्ली कर्त्तव्यपथ पर की परेड

26 जनवरी, 2025 को 76वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में राजस्थान अजमेर का प्रतिनिधित्व करते हुए एन.सी.सी. कैडेट ममता चौधरी ने दिल्ली कर्त्तव्य पथ पर परेड कर किशनगढ़ अजमेर एवं संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाटनी ने बताया कि ममता चौधरी हमारे महाविद्यालय की ऐसी प्रतिभा है जिसने एन.सी.सी. के अनुशासन का अनुसरण करते हुए दिल्ली कर्त्तव्य पथ पर परेड कर अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। संस्था निदेशक सुभाष अग्रवाल ने इस उपलब्धि हेतु ममता चौधरी को सम्मान देकर पुरस्कृत किया। इसका प्रशिक्षण सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर सुनील कुमार तंवर एवं लेफ्टिनेंट अंकिता पारीक, सहायक आचार्य, गृह विज्ञान विभाग के निर्देशन में पूर्ण हुआ।

## राष्ट्रीय सेवा योजना : कीर्ति झाड़ोतिया, सेजल जांगिड़ का राज्य स्तरीय सम्मान





16 अप्रैल, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की स्वयं सेविकाओं में से 'सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका' का राज्य स्तरीय सम्मान पुरस्कार प्रदान किया जाता है। प्रबंध निदेशक एवं सचिव सुभाष अग्रवाल ने कहा कि हमारे महाविद्यालय में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत स्वयं सेविकाओं द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर राज्य सरकार द्वारा 'सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका' हेतु कीर्ति झाड़ोतिया, कला संकाय, सत्र 2022-23 एवं सेजल जांगिड़ विज्ञान संकाय, सत्र 2023-24 छात्राओं का सम्मान किया गया जो हमारी संस्था के लिए प्रसन्नता एवं गर्व के क्षण है। प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाटनी ने बताया कि हमारी इन स्वयं सेविकाओं ने समाज सेवा के क्षेत्र में ग्रामीण जागरूकता, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, रक्तदान शिविर, कोविड-19 जनजागरूकता और स्वच्छता जैसे अभियानों में भागीदारी कर अतुलनीय योगदान प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी डॉ. रूचि मिश्रा एवं डॉ. राधा गुप्ता ने सम्मान कार्यक्रम के संदर्भ में कहा कि स्वयं सेविकाओं को यह सम्मान राजस्थान के राज्यपाल माननीय श्री हरिभाऊ बागड़े, उपमुख्यमंत्री, डॉ. प्रेम चंद बैरवा, आर.एस.एस, प्रादेशिक प्रमुख श्री शिव लहरी, आयुक्त, उच्च शिक्षा निदेशालय, डॉ. ओमप्रकाश बैरवा, राज्य समन्वयक डॉ. के.के. कुमावत एवं प्रादेशिक निदेशक, एस.पी. भटनागर के कर कमलो द्वारा प्रदान किया गया। इस सम्मान में स्वयं सेविकाओं को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ जो हमारे व संस्थान के लिए गर्वानुभूति है।

## एम.एससी. ज़ूलॉजी की वंशिका जैन को दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल



वंशिका जैन को म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में एम.एससी. ज़ूलॉजी सत्र 2021-23 में मेरिट में आने पर स्वर्ण पदक दिया गया। कॉलेज प्रबंध निदेशक सुभाष अग्रवाल ने हर्ष जताते हुए कहा कि यह क्षण हमारे संस्थान के लिए गौरवान्वित करने वाला है। हमे गर्व है कि हमारे कॉलेज में पढ़कर बेटियां भविष्य में भी दीक्षांत समारोह में स्वर्ण पदक प्राप्त करें।

## एथलेटिक्स खिलाडियों को गोल्ड, सिल्वर, ब्रॉन्ज मेडल



23 अक्टूबर, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर,राजस्थान द्वारा आयोजित 37 वीं अंतर महाविद्यालय एथलेटिक्स (म./पु.) प्रतियोगिता में नाजमीन बानो कायमखानी ने जैवलीन थ्रौ में 37 मीटर थ्रौ के साथ गोल्ड मेडल व शोर्ट पुट में ब्रॉन्ज मेडल एवं तविष्का कंवर ने 110 मीटर हडल में सिल्वर मेडल जीता। समन्वय खेल विभागाध्यक्ष सृष्टि असाटी ने किया।

# सम्पादकीय



वेद, पुराण, उपनिषद् एवं भारतीय आध्यात्मिक ग्रंथों में कर्म, कर्त्तव्य व निष्ठता के साथ परिश्रम को महत्त्वपूर्ण स्वरूप में माना गया है। मनुष्य के जीवन की सफलता का प्रथम आधार उसका कर्म है। इसी कारण से गीता में श्री कृष्ण के द्वारा यह कहा गया है कि हे मानव ! तुम कर्म करते जाओ फल की इच्छा मत करो क्योंकि जब तुम्हारे कर्म में सत्यनिष्ठता होगी तो फल स्वत: ही फलीभूत होगा।

कर्म ज्ञान के पश्चात् यदि एक जिज्ञासु एवं कर्मशील व्यक्ति अपने कार्य को कर्त्तव्य समझ कर अपनी मंजिल की ओर बढ़ता है तब अनेक कठिनाईयां राह में पसरकर बाधाएं उत्पन्न करती है। परन्तु एक कर्त्तव्य साधक अपनी कर्त्तव्यशीलता से अपनी मंजिल को अवश्य प्राप्त करता है।

हम जब अपने गुणों में कर्म व कर्त्तव्य के साथ निष्ठा शक्ति को संयोजित कर अपने परिश्रम को चहुँओर से परिनिष्ठित कर लेंगे तब हमारा कर्मफल अवश्य ही जाग्रत स्वरूप धारण कर सफलता प्रदान करेगा। इन्हीं समस्त स्वरूपों को गहनतम परिकल्पना के साथ संयोजित करने का हमारा यह अनवरत नव लेखन पर्याय है।

डॉ. हुकम सिंह चम्पावत
संपादक

## संपादन

**संरक्षक**
अशोक पाटनी

**परामर्श**
सी.ए. सुभाष अग्रवाल
डॉ. शैलेन्द्र पाटनी

**संपादक**
डॉ. हुकम सिंह चम्पावत

**टंकण**
नेहा शर्मा

**प्रकाशन**
अमित दाधीच
राजेश कुमार जैन

## योग स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक



21 जून, 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में कॉलेज व सी.ए. ब्रांच के संयुक्त तत्वावधान में योगभ्यास अवसर पर सी.ए. प्रवीण जैन चेयरमैन सी.ए. ब्रांच किशनगढ़ ने कहा कि योग स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक है हमें निरंतर योग करते हुए अपने मन व मस्तिष्क को स्वस्थ रखना चाहिए। प्रबंधन समिति के निदेशक एवं सचिव सी.ए. सुभाष अग्रवाल ने कहा कि योग ऐसा प्रयास है जिससे हम अपने मन व समस्त शारीरिक इंद्रियों को नियंत्रण करते हुए स्वस्थ जीवन की ओर आगे बढ़ सकते हैं। योग ही आज संपूर्ण विश्व जुड़ा हुआ है एवं डल झील इसका साक्षी बन रही है। योग दिवस पर योगा ट्रेनर भारती शर्मा ने योग नियमों एवं आसनों का ध्यान रखते हुए योग अभ्यास कराया एवं आर्टिस्टिक योगा की प्रस्तुति दी इस अवसर पर जयश्री अग्रवाल, डॉ. शैलेंद्र पाटनी, डॉ. अनिल पाराशर, अखिलेश शर्मा, मोहित जैन सहित संकाय सदस्य, विद्यार्थी उपस्थित रहे एवं समन्वय रवि सोनी, सृष्टि असाटी ने किया।

## स्वयं के प्रयासों से ही होता है जीवन बेहतर



12 जून, जीवन कौशल पर आधारित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आस्था कास्तिया ने कहा कि जीवन में प्रगति करने के लिए स्वयं को तैयार करने की आवश्यकता होती है। इसके लिए अपने दिन-प्रतिदिन के कार्यों को व्यवस्थित करना चाहिए। प्रबंधन समिति सदस्य, महावीर कोठारी ने कहा कि यदि हम एकाग्रचित्त होकर किसी कार्य में लग जाए तो निश्चय ही हम सफलता प्राप्त कर सकते हैं। सदस्य, वीना कोठारी ने बताया कि छात्राओं को परिवार और समाज के संस्कारों के प्रति समर्पित होकर कार्य करना चाहिए। अरविंद कोठारी ने छात्राओं को ऐसे व्यक्तित्व से संपर्क साधने के लिए अभिप्रेरित किया जिन्होंने जो कि अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित होकर आज देश और समाज का नाम रोशन कर रहे हैं।

## नव प्रवेशी छात्राओं का ओरिएंटेशन

16 जुलाई, सत्र 2024-25 में नव प्रवेशित छात्राओं के ओरिएंटेशन कार्यक्रम में प्रबंध समिति के निदेशक एवं सचिव सुभाष अग्रवाल ने विद्यार्थियों का स्वागत करते हुए कहा कि शिक्षा का यह मन्दिर भविष्य निर्माण की प्रथम सीढ़ी है इससे ही हम सफलता के पायदान चढ़ते हैं।




प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र पाटनी ने बताया कि इस ओरिएंटेशन में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की राह प्रशस्त करते हुए पुस्तकालय प्रबंधन, राष्ट्रीय सेवा योजना, खेल सुविधाएं, क्लब, एंटी रैगिंग, स्काउट एंड गाइड, एन.सी.सी., यू.बी.ए., इसरो, आईसीसी आदि जानकारियां विस्तार से प्रदान करने का संकल्प है। समन्वय अविनाश तोतलानी, डॉ. वर्षा जैन, प्रियंका कुमावत व देवश्री जैन ने किया।

## शोध एवं अकादमिक क्षेत्र में प्रवृत्त संकाय सदस्यों-विद्यार्थियों का सम्मान




03 अगस्त, सत्र 2023-24 में शोध में प्रवृत्त संकाय सदस्यों एवं विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सम्मान पुरस्कार वितरित करते हुए मुख्य अतिथि देवेंद्र बिश्नोई, पुलिस अधीक्षक, अजमेर ने कहा कि एक शोधार्थी एवं विद्यार्थी के जीवन में यह क्षण गौरवमय होते है जब उसकी सफलता पर उसे सम्मान व पुरस्कार प्राप्त होता है। विशिष्ट अतिथि प्रकाश पाटनी, दिगम्बर जैन समाज, संस्था कोषाध्यक्ष महावीर कोठारी, प्रबंधन निदेशक सुभाष अग्रवाल, महिपाल चौधरी, उप अधीक्षक, किशनगढ़ पुलिस, प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाटनी, नर्सिंग कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनिल पाराशर ने 19 शोधर्थियों एवं 140 विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रदान करते हुए पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का समन्वय डॉ. प्रवीण देवड़ा व डॉ. वर्षा जैन ने किया।

## बढ़ते साइबर अपराध से सुरक्षा विषयक व्याख्यान



03 अगस्त, वर्तमान में डिज़िटल अरेस्ट एवं साइबर अपराध की बढ़ती घटनाओं को ध्यान में रखते हुए अजमेर जिला पुलिस एवं संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में बढ़ते साइबर अपराध से सुरक्षा विषयक एक दिवसीय व्याख्यान के मुख्य अतिथि देवेंद्र बिश्नोई पुलिस अधीक्षक, अजमेर ने कहा तकनीकी और डिजिटल युग में तेजी से बदलाव हो रहे हैं जिनका प्रभाव न केवल हमारे जीवन पर पड़ रहा है बल्कि यह बच्चों और युवाओं के जीवन को भी गहराई से प्रभावित कर रहा है इसलिए हमें यह समझना होगा कि तकनीकी का सही और सुरक्षित उपयोग कैसे करें। साइबर क्राइम, फिशिंग और इलेक्ट्रॉनिक फ्रॉड के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। हमें अपनी व्यक्तिगत सूचनाओं की सुरक्षा को लेकर सदैव सतर्क रहना चाहिए। किशनगढ़ पुलिस उप अधीक्षक महिपाल चौधरी ने अपने विचार व्यक्त किये एवं प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाटनी ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## एविएशन सिक्योरिटी कल्चर वीक पर जागरूकता एवं शपथ कार्यक्रम



10 अगस्त, किशनगढ़ एयरपोर्ट एवं संस्था के संयुक्त तत्वावधान में एविएशन सिक्योरिटी कल्चर वीक पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राजस्थान पुलिस के एडिशनल एस.पी. डॉ. दीपक शर्मा ने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों को हवाई अड्डे की सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न सावधानियों के बारे में बताते हुए कहा कि महिला सुरक्षा और यातायात नियमों का पालन किस प्रकार से की जाती है। उन्होंने यह भी समझाया कि सामान्य नागरिक भी हवाई अड्डे की सुरक्षा में अहम भूमिका निभा सकते हैं। विशिष्ट अतिथि किशनगढ़ एयरपोर्ट के चीफ सिक्योरिटी ऑफिसर शशि भूषण ने एयरपोर्ट के संचालन, सुरक्षा व्यवस्थाओं और हवाई अड्डे पर तैनात हाड़ी रानी बटालियन के कार्यों के बारे में जानकारी एवं शपथ दिलवाई। संस्था निदेशक सुभाष अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत एवं डॉ. शैलेन्द्र पाटनी ने आभार व्यक्त किया। संचालन हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. हुकम सिंह चम्पावत ने किया।

## एन.सी.सी. कैडेट्स का दस दिवसीय संयुक्त प्रशिक्षण शिविर



01 सितम्बर, आर्मी विंग एन.सी.सी. कैडेट्स ने उदयपुर में 5 राज बटालियन एन.सी.सी. आयोजित संयुक्त प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। इस संबंध में लेफ्टिनेट अंकिता पारीक ने बताया कि इस 10 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में महाविद्यालय के 48 एन.सी.सी. कैडेट्स ने भाग लेते हुए ड्रिल, मार्च पास्ट, फायरिंग, टेंट पिचिंग जैसी आदि गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया साथ ही एनसीसी कैडेट्स ने बेस्ट फायर, बेस्ट पायलट, कंपनी सीनियर, खेलकूद आदि प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि हेतु प्रबंध निदेशक सुभाष अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र पाटनी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कैडेट्स को बधाई प्रेषित की।

## पोषण सप्ताह अन्तर्गत विविध कार्यक्रम



09 सितम्बर, राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के दौरान गृह विज्ञान विभाग द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनमें डेयरी चौंपियन प्रतियोगिता, मॉकटेल मैजिक प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता और पीसीओडी व पीसीओएस पर व्याख्यान शामिल थे। कॉलेज निदेशक सी ए सुभाष अग्रवाल ने पोषण और स्वस्थ जीवन शैली के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र पाटनी ने दैनिक जीवन में पोषण के महत्व को रेखांकित किया। गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा बागड़ी ने पौष्टिक आहार के महत्व को बताया। छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में अपने कौशल का प्रदर्शन किया और पुरस्कार प्राप्त किए। प्रसूति व स्त्री रोग विशेषज्ञ तृप्ति दाधीच ने पीसीओडी और पीसीओएस पर विस्तार व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में पोषण और स्वस्थ जीवन शैली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम का सुचारु क्रियान्वयन गृह विज्ञान विभाग के अंकिता पारीक व अनुराधा शेखावत ने सुनिश्चित किया।

## हिंदी दिवस व्याख्यान के मुख्य वक्ता : प्रोफेसर माधव हाड़ा



14 सितंबर, हिंदी दिवस के अवसर पर 'वर्तमान परिदृश्य में हिन्दी भाषा का वैश्विक स्वरूप' विषयक एक दिवसीय विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विचार प्रस्तुत करते हुए के.के. बिरला फाउण्डेशन के बिहारी पुरस्कार व राजस्थानी भाषा साहित्य और संस्कृति अकादमी के संस्कृति सम्मान से पुरस्कृत मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता प्रो. माधव हाड़ा, पूर्व विभागाध्यक्ष, हिंदी विभाग, मोहन लाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर ने कहा कि हिंदी हमारे लिए सफलता के विविध आयाम स्थापित करती है विश्व में अधिकतम देश अब अपनी भाषाओं के साथ हिन्दी भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. वीणा हाड़ा ने भी हिन्दी भाषा के महत्त्व पर अपने विचार प्रस्तुत किये। विस्तार व्याख्यान का समन्वय करते हुए हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. हुकम सिंह चंपावत ने बताया कि संस्थान की स्थापना से लेकर अब तक यह दसवां विस्तार व्याख्यान है जिसकी श्रृंखला गर्व की अनुभुति कराती है। अतिथियों का स्वागत प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाटनी एवं मंच संचालन शिक्षा विभाग की सहायक आचार्य डॉ. ज्योति शर्मा ने किया।

## ओजोन दिवस : इको शॉर्ट फिल्म प्रतियोगिता




17 सितम्बर, विश्व ओजोन दिवस के अवसर पर कॉलेज के भौतिकी और भूगोल विभाग द्वारा संयुक्त रूप से 'इको शॉर्ट फिल्म प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण, विशेष रूप से ओजोन परत की सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रूचि टाक, बी.ए. प्रथम वर्ष, द्वितीय स्थान पर जयन्ती जैन, बी.एससी. तृतीय वर्ष, तृतीय स्थान पर अंशु यादव, बी.ए. तृतीय वर्ष रही एवं निर्णायक विश्वजीत जारोली, रवि सोनी व अविनाश तोतलानी रहे। समन्वय भूगोल विभागाध्यक्ष रोहिणी यादावार व भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष देवश्री जैन ने किया। मंच संचालन मीना रानी जैन व रक्षिता कंवर ने किया।

विशिष्ट अतिथि तृप्ति घुघरे, सामाजिक उद्यमी, फिनिलूप डायरेक्टर ने वेस्ट मेनजमेंट पर व्याख्यान देते हुए कहा यह एक ऐसा स्टार्टअप है जिसमें घर से लेकर आस पास तक जो वेस्ट हम दैनिक दिनचर्या में देखते हैं उसे कैसे बेस्ट बनाकर दे सकते हैं। अतिथियों का स्वागत संस्था निदेशक सुभाष अग्रवाल व आभार प्राचार्य, डॉ. शैलेन्द्र पाटनी ने किया। समन्वय राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रभारी डॉ. रूचि मिश्रा एवं डॉ. राधा गुप्ता ने किया। मंच संचालन कॉलेज छात्रा रिया कंवर व हंसिका ने किया।

## मानवीय जीवन में नैतिक स्वच्छता आवश्यक : अरूणा राय



24 सितम्बर, राष्ट्रीय सेवा योजना के 54 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में युवा कार्यक्रम, खेल मंत्रालय एवं क्षेत्रीय निदेशालय, राष्ट्रीय सेवा योजना, जयपुर, राजस्थान द्वारा निर्देशित 'स्वच्छता ही सेवा'-स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता के थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि अरूणा राय, पूर्व आई.ए.एस., रमन मैगसेसे पुरस्कार विजेता, लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता ने अपने उद्बोधन में कहा कि मनुष्य जीवन में आस पास की स्वच्छता के साथ नैतिक स्वच्छता को महत्त्व देना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि तृप्ति घुघरे, सामाजिक उद्यमी, फिनिलूप डायरेक्टर ने वेस्ट मेनजमेंट पर व्याख्यान देते हुए कहा यह एक ऐसा स्टार्टअप है जिसमें घर से लेकर आस पास तक जो वेस्ट हम दैनिक दिनचर्या में देखते हैं उसे कैसे बेस्ट बनाकर दे सकते हैं। अतिथियों का स्वागत संस्था निदेशक सुभाष अग्रवाल व आभार प्राचार्य, डॉ. शैलेन्द्र पाटनी ने किया। समन्वय राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई प्रभारी डॉ. रूचि मिश्रा एवं डॉ. राधा गुप्ता ने किया। मंच संचालन कॉलेज छात्रा रिया कंवर व हंसिका ने किया।

## बिग बटरफ्लाई मंथ : रंग-बिरंगी तितलियों की गणना



27 सितम्बर, सितंबर माह बिग बटरफ्लाई मंथ के रूप में मनाया जाता है स्नातकोत्तर प्राणी विज्ञान विभाग द्वारा रंग बिरंगी तितलियों की पहचान गणना, फोटोग्राफी और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। छात्राओं ने 16 विभिन्न प्रकार की तितलियों की पहचान की और लगभग 374 तितलियों की संख्या की गणना की व फोटोग्राफी प्रतियोगिता में जानवी कंवर, प्रथम, आस्था आर्य, द्वितीय तथा सादियां खानम, तृतीय स्थान पर रही। बटरफ्लाई पोस्टर प्रतियोगिता में दुर्गा हरि सिंह चुंडावत, प्रथम, आस्था आर्य, द्वितीय एवं प्रियांशी, तृतीय स्थान पर रही। संस्था निदेशक सुभाष अग्रवाल व प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र पाटनी ने विजेता रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। निर्णायक की भूमिका पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. कपिल सिंह हाडा, गीता वर्मा एवं प्रशासनिक अधिकारी अमित दाधीच रहे। स्नातकोत्तर प्राणी विज्ञान विभागाध्यक्ष एवं बिग बटरफ्लाई मंथ के अजमेर जिला समन्वयक विश्वजीत जारोली ने कहा कि सितंबर माह में तितलियों की विविधता एवं उनकी संख्यात्मक गणना की जाती है समन्वय डॉ. उदीची व्यास, वंदना जोशी एवं निंकू टॉक ने किया।

## बॉलीवुड बीट्स : खुशी शर्मा व शबाना चुनी गई मिस फ्रेशर






2 अक्टूबर, सत्र 2024-25 में नव प्रवेशित विद्यार्थियों हेतु बॉलीवुड बीट्स फ्रेशर्स पार्टी की मुख्य अतिथि प्रीति चौधरी, एडिशनल एस.पी., नई दिल्ली ने अपने उद्बोधन में कहा कि फेशर्स पार्टी ही नहीं संस्थान का प्रत्येक कार्यक्रम विद्यार्थी को मंच प्रदान करता है एवं जो विद्यार्थी मंच पर पहुंचता है वह एक दिन निश्चित ही मंजिल प्राप्त करता है। विशिष्ट अतिथि महावीर कोठारी ने कहा कि छात्राओं को अपने जीवन को अनुशासित करते हुए सफलता हासिल करनी चाहिए। अतिथियों का स्वागत करते हुए निदेशक एवं सचिव सुभाष अग्रवाल ने कहा कि स्वअभिप्रेरणा का सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान होता है। प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाटनी व नर्सिंग प्राचार्य डॉ. अनिल पाराशर ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। बॉलीवुड बीट्स मिस फ्रेशर्स बॉलीवुड दीवा खुशी शर्मा एवं शबाना, मिस मस्कली डिम्पल व नव्या, मिस ड्रीम गर्ल स्वाधी व जसनीत, मिस डेझलिंग वीवा दिव्या राठौड व निरमा, मिस बॉलीवुड ग्लाम सुमन चौधरी, मिस फाइनेस्ट प्रकृति जैन, मिस ब्लॉकबस्टर प्रेरणा वैष्णव, मिस सिनेमेस्टिक दिव्या देवरा चुनी गई। कार्यक्रम में मीनू मेघानी व वन्दना डाबी ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

फ्रेशर पार्टी में जय श्री अग्रवाल, अमित छाबड़ा, डॉ. सी. पी. पोखरणा, रमाकान्त मुद्गल, सी.ए. सुशील बंसल, सी.ए. सूर्या बंसल, शिल्पा बराडिया, पवन गोयल, मुकेश गोयल, नीरज पंवार, नवनीत मेहता, ज्योति मेहता, विष्णु मेघानी, अखिलेश डाबी व म्यूज़िक लवर्स से नीरज आर्या, संजय डोसी, रवि अग्रवाल, रामेश्वर अग्रवाल आदि अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के कल्चरल क्लब के डॉ. वर्षा जैन, देवश्री जैन, ज्योति चौहान, रूची चौहान, नर्सिंग कॉलेज से बरखा शर्मा, शिवानी, नीलम शर्मा, अनुराग शर्मा, आयुषी प्रधान, प्रियंका कुमावत, दिव्या कुमारी व अनुज काबरा द्वारा किया गया। मंच संचालन पूनम झामनानी व ऐश्वर्या कोठारी व छात्रा माधवी उपाध्याय, गिविशा सुखाड़िया, अंशिका जैन व कोमल ने किया।

## रंगोली और क्विज के माध्यम से वन्य-जीव संरक्षण का संदेश



07 अक्टूबर, वन्य-जीव सप्ताह के तहत रंगोली एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, प्राणी शास्त्र विभागाध्यक्ष विश्वजीत जारोली ने कहा कि विभाग द्वारा अक्टूबर का प्रथम सप्ताह वन्य -जीव सप्ताह के रूप में मनाया जाता है जिसके तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रकृति के इन अमूल्य घटकों को संरक्षित करने की जानकारी दी जाती है, इसी तत्वावधान में इस वर्ष, इस सप्ताह की थीम 'वन्य-जीव एवं मानव सह-अस्तित्व' थी, जिसके तहत छात्राओं ने रंगोली और क्विज प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर भागीदारी ली। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम अवनि, द्वितीय पर दुर्गा हरी सिंह तथा जानवी, रश्मि, बिट्टू तृतीय स्थान पर रहीं, जबकि क्विज प्रतियोगिता में 5 टीमों यथा टीम चिंकारा, टीम प्लैटिपस, टीम टाइगर, टीम राइनो एवं टीम ग्रेट इंडियन बस्टर्ड में से टीम चिंकारा प्रथम, टीम टाइगर द्वितीय एवं टीम प्लैटिपस तृतीय रही। समन्वय सहायक डॉ. उदीची व्यास, वंदना जोशी, सोनाली खियानी एवं निंकु टाक ने किया।

## अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर संवाद कार्यक्रम



7-11 अक्टूबर, अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में समाजशास्त्र व शिक्षा विभाग द्वारा विविध कार्यक्रमों आयोजन किया गया जिसमें लेखिका मंच, अजमेर के सहयोग से बालिका शिक्षा, सशक्तिकरण और लैंगिक संवेदनशीलता पर चर्चा की मुख्य वक्ता डॉ. भारती प्रकाश आचार्य, प्राणीशास्त्र, सम्राट पृथ्वीराज चौहान राजकीय कॉलेज, अजमेर ने बालिका शिक्षा के माध्यम से लैंगिक समानता को प्रोत्साहित करने और शिक्षा से समाज में सुधार लाने पर बल दिया। डॉ. मधु खंडेलवाल संस्थापक, लेखिका मंच, अजमेर ने यौन उत्पीड़न और पोक्सो एक्ट पर जानकारी दी। राष्ट्रीय खिलाड़ी खुशबू राठौड़ ने खेल और तकनीक के जरिए नेतृत्व विकास पर बल दिया, जबकि नंदिता चौहान, आहार और हेल्थ विशेषज्ञ ने महिलाओं के स्वास्थ्य और पोषण पर विचार साझा किए। लेखिका मंच की पायल गुप्ता ने कहानी, कविताओं पर विचार व्यक्त किये। समन्वय डॉ. मितेश जुनेजा व डॉ. स्मिता पंचौली ने किया।

## शक्ति और संस्कृति का उत्सव : डांडिया महोत्सव



10 अक्टूबर, नवरात्रि के अवसर पर कल्चरल क्लब द्वारा डांडिया महारास मुख्य अतिथि सी.ए. चीनू अग्रवाल और सुरभि कोठारी ने आद्यात्मिक संस्कृति पर विचार व्यक्त किये। संस्था निदेशक सुभाष अग्रवाल ने माँ दुर्गा के नौ रूपों की आराधना को छात्राओं में सकारात्मकता और सांस्कृतिक चेतना का माध्यम बताया। प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाटनी व नर्सिंग प्राचार्य डॉ. अनिल पाराशर ने पूजा अर्चना सहित स्वागत व आभार किया। ग्रुप डांस में बी.सी.ए. प्रथम, बी.एससी. ( मैथ्स ) व बी.बी.ए. द्वितीय तथा बी.ए. तृतीय स्थान पर रही। बेस्ट कॉस्ट्यूम में हर्षिता राठौर, झिलमिल जैन व पूनम पारीक प्रथम रहीं। समन्वय डॉ. वर्षा जैन व कल्चरल क्लब की टीम ने किया मंच संचालन देवश्री जैन व छात्रा हंसा चौधरी ने किया।

## स्वावलम्बन एवं कौशल का पर्याय : आनंदी श्री संस्था



15 अक्टूबर, कॉलेज और आनंदी श्री संस्था के संयुक्ततत्वावधान में संस्था की छात्राओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित हुआ। छात्राओं को आर्ट एंड क्राफ्ट, सिलाई, बुनाई व चित्रकारी जैसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला। कॉलेज निदेशक सुभाष अग्रवाल व सदस्य जयश्री अग्रवाल ने छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने और स्टार्टअप्स की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में आनंदी श्री संस्था की शिल्पा बराड़िया, सुनीता झांझरी व पूनम पारीक अतिथि के रूप में उपस्थित रही। समन्वय डॉ. पूजा बागड़ी और संचालन अनुराधा शेखावत ने किया।

## ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता में छात्राएँ रही विजेता



05 अक्टूबर, जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, जयपुर द्वारा आयोजित एक दिवसीय ऑनलाईन क्विज प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 116 छात्राओं ने भाग लिया जिसमें अनुष्का जैन प्रथम, आरती जैन द्वितीय, अदिति बजाज तृतीय तथा स्नेहा रुनवाल चतुर्थ स्थान ने प्राप्त किया। समन्वय कंप्यूटर विज्ञान विभागाध्यक्ष, रवि सोनी, डॉ. कपिला पारीक, मीना शर्मा और दिव्या कुमारी ने किया।

## मिठाई उपहार से विद्यार्थियों संग दीपावली : करूणा क्लब



24 अक्टूबर, करुणा क्लब द्वारा दीपावली से पूर्व राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय,हाउसिंग बोर्ड में विद्यार्थियों संग दीपावली मनाई। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक सुभाष अग्रवाल ने विद्यार्थियों को स्कूल जूते, मोजे, सैलो बोतल एवं मिठाइयां उपहार स्वरूप प्रदान कर कहा कि प्रत्येक घर में रोशनी, खुशियाँ एवं उल्लास हो इसी संकल्पना से विद्यालय विद्यार्थियों संग दीपावली मनाना करूणा क्लब की विशिष्टता है।इस अवसर पर उन्होंने स्कूल विद्यार्थियों हेतु दो कक्षा कक्ष हेतु फर्नीचर भी उपलब्ध करवाये पुत्र सौरभ अग्रवाल व आदित्य अग्रवाल द्वारा दो कक्षा कक्ष फर्नीचर बनवाने की घोषणा की। जयश्री अग्रवाल, डॉ. शैलेंद्र पाटनी, डॉ अनिल पाराशर, विश्वजीत जारोली, डॉ. मितेश जुनेजा, सृष्टि असाटी उपस्थित रहे। समन्वय पूनम झामनानी, डॉ. पुनीत टाक, श्रुति जैन, ऐश्वर्या कोठारी ने किया।

## बाल संरक्षण कानून, अधिनियम व्याख्यान



07 नवम्बर, बाल संरक्षण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथि पी.टी.एस., किशनगढ़, उप निरीक्षक, इन्दु शर्मा ने बाल संरक्षण कानून और अधिनियमों के महत्त्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि बाल संरक्षण कानून बच्चों को शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक शोषण से बचाने के लिए बनाए गए हैं, जिससे उन्हें एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण मिल सके। समन्वय गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. पूजा बागड़ी एवं एन.सी.सी., सी.टी.ओ. अंकिता पारीक ने किया। मंच संचालन अनुराधा शेखावत ने किया।

## मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



19 अक्टूबर, शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित मेहंदी प्रतियोगिता में कॉलेज की 44 छात्राओं ने अरेबिक, फिगर, शेडेड आदि विभिन्न पैटर्न की मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में वन्दना झारोटिया, प्रथम, कल्पना कुमारी, द्वितीय एवं नेहा चौधरी तृतीय स्थान पर रही। समन्वय शिक्षा विभाग की सहायक आचार्य, डिंपल ज्योतियाना ने किया। निर्णायक की भूमिका में डॉ. उदिची व्यास, बरखा शर्मा एवं नीलम शर्मा ने निर्वहन किया।

## राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर निबंध प्रतियोगिता

12 नवम्बर, राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर शिक्षा विभाग व इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसलिंग सेल द्वारा 'मौलाना अबुल कलाम आजाद का शिक्षा का दृष्टिकोण में वर्तमान प्रासंगिकता' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सानिया बी.ए. बी.एड. प्रथम वर्ष, प्रथम, दीपा प्रजापत बी.ए.बी.एड. द्वितीय वर्ष व अवनी रांका बी.ए.बी.एड. तृतीय वर्ष, द्वितीय एवं वंदना झरोटिया बी.ए.बी.एड. द्वितीय वर्ष व आस्था आर्य बी.एससी तृतीय वर्ष, तृतीय रही। निबंध प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. हुकम सिंह चंपावत, अर्चना कोठारी व गीता पालीवाल रहे।समन्वय शिक्षा विभाग की डॉ. ज्योति शर्मा ने किया।

## एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम



28 नवम्बर, प्राणीशास्त्र विभाग, उन्नत भारत अभियान व आई.क्यू.ए. सी. के संयुक्त तत्वावधान में एड्स दिवस के उपलक्ष्य पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत छात्राओं को वीडियो दृश्यावलोकन माध्यम से एड्स से बचाव, सुरक्षा व लक्षणों को विस्तार से बताया गया। समन्वय प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष विश्वजीत जारोली, डॉ. उदीची व्यास, सोनाली खियानी व निंकू गहलोत ने किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ. रुचि मिश्रा, डॉ. राधा गुप्ता, एन.सी.सी. प्रभारी, अंकित पारीक, स्काउट प्रभारी, सृष्टि असाटी उपस्थित रहे।

## अंग्रेजी साहित्य व इतिहास की दो दिवसीय मॉडल प्रदर्शनी



30 नवम्बर, अंग्रेजी व इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में '16-21वीं सदी तक की अंग्रेजी साहित्यिक एवं ऐतिहासिक' थीम आधारित मॉडल प्रदर्शनी रखी गई। इसमें प्रबंध निदेशक एवं सचिव सुभाष अग्रवाल ने कहा कि हमें हमारी संस्कृति, इतिहास व साहित्य को गहनता से समझने के लिए समय-समय पर प्रदर्शनी का आयोजन करना आवश्यक है। प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाटनी ने बताया कि दो दिवसीय प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने सांची का स्तूप, थियेटर, सभ्यताओं के मॉडल निर्माण किये एवं अनेक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने अवलोकन कर ज्ञान अर्जित किया। समन्वय इतिहास विभागाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा व अंग्रेजी विभागाध्यक्ष कविता प्रियदर्शिनी ने किया।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता से सुरक्षित यात्रा



02 दिसम्बर, संस्था एवं किशनगढ़ पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पुलिस उपअधीक्षक, श्री महिपाल चौधरी ने बताया कि ड्राइविंग करते समय ट्रैफिक नियमों के पालन करने से हम दुर्घटना से बच सकते हैं। निदेशक सुभाष अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। प्रो. एस. के. बंसल, मोटर वाहन निरीक्षक श्री मुकेश मीणा, पवन कुमार अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, इमरान मोहम्मद, सुमित लोढ़ा, ज्ञानचंद कोठारी, नंदलाल चौधरी, हजारीलाल अतिथिगण उपस्थित रहे। संचालन डॉ. ज्योति शर्मा ने किया।

## लीफ आर्ट प्रतियोगिता से कला प्रदर्शन



03 दिसम्बर, बॉटनी विभाग द्वारा रचनात्मकता और प्रकृति के प्रति जागरूकता के उद्देश्य से एक दिवसीय लीफ आर्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र पाटनी ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत करते हुए बताया कि प्रथम मनस्वी, डिम्पल, द्वितीय सादिया एंव तृतीय स्थान पर मजलिशा एवं प्रीति रही। निर्णायकों की भूमिका का निर्वहन विश्वजीत जारोली, रोहिणी यादावर एवं प्रियंका कुमावत ने किया। समन्वय बॉटनी विभागाध्यक्ष गीता पालीवाल रही व संचालन आकांक्षा पवार और सुंदर प्रजापत ने किया।

## मानवाधिकारों की रक्षा: एक महत्वपूर्ण विमर्श



10 दिसंबर, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र पाटनी ने बताया कि मानवाधिकार सर्वाधिकार है और उनकी गरिमा एवं रक्षा सभी का दायित्व है। समन्वय डॉ. रुचि मिश्रा ने किया। डॉ. मितेश जुनेजा, डॉ. स्मिता पंचोली, सुरेश कुमार शर्मा और डॉ. ज्योति शर्मा ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। प्रतियोगिता में कला संकाय की तृतीय सेमेस्टर की योगिता राजपुरोहित ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर विविध खेलो का आयोजन



29 अगस्त, राष्ट्रीय खेल दिवस पर विविध खेलों का शुभारंभ करते हुए प्रबंध निदेशक सुभाष अग्रवाल ने कहा कि विविध खेल हमें अनुशासन की गम्भीरता को सिखाते हैं। प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र पाटनी ने बताया कि एरोबिक्स, क्रिकेट, बास्केटबॉल, सितोलिया, टग ऑफ वॉर और मैनेजमेंट गेम्स का आयोजन किया गया। समन्वय सृष्टि असाटी, सुरेश कुमार शर्मा, डॉ. पुनीत टाक, डॉ. पूजा बागड़ी और अनुराधा शेखावत आदि ने किया।

## करुणा क्लब का है इरादा, पूरा करना हर एक वादा



12 दिसंबर, किशनगढ़ राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय, हाउसिंग बोर्ड को संस्था करुणा क्लब एवं प्रबंध निदेशक सी.ए. सुभाष अग्रवाल एवं सदस्य जयश्री अग्रवाल के पुत्र सौरभ अग्रवाल, आदित्य अग्रवाल व करुणा क्लब ने विद्यालय में बच्चों की पढ़ाई के लिए दो-दो अर्थात् चार कक्षा कक्षों का आवश्यक फर्नीचर भेंट किया। विद्यालय शिक्षा से युक्त विशिष्ट प्रयास हेतु प्रधानाचार्य, सुरेन्द्र सिंह रावत व शिक्षण स्टाफ अमित कुमार शर्मा, मधु डागा, उर्मिला शर्मा, वासुदेव शर्मा व प्रतिभा कंवर ने आभार व्यक्त किया। डॉ. शैलेंद्र पाटनी व नर्सिंग प्राचार्य, डॉ. अनिल पाराशर, पूनम झामनानी, डॉ. पुनीत टाक, ऐश्वर्या कोठारी, अमित दाधीच एवं विजयपाल सीमार उपस्थित रहे।

## ऐतिहासिक सांस्कृतिक: शैक्षणिक भ्रमण



14-16 दिसम्बर, बी.ए., एम.ए. की छात्राओं के लिए ऐतिहासिक सांस्कृतिक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण में छात्राओं ने चित्तौड़गढ़-पद्मिनी महल, मीरा मंदिर, रविदास मंदिर, शिव मंदिर और जौहर स्थल, उदयपुर-रायता हिल्स, बाहुबली हिल्स, सिटी पैलेस, पिछोला झील, जल महल, बापू बाजार, फतेहसागर झील और फिश एक्वेरियम एवं सांवालियाजी व नाथद्वारा के प्रमुख ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थलों को देखते हुए उनके ऐतिहासिक सांस्कृतिक महत्त्व को जाना एवं समझा। समन्वय डॉ. मितेश जुनेजा, सुरेश कुमार शर्मा और सृष्टि असाटी ने किया।

## उपभोक्ता संरक्षण जागरूकता विषयक व्याख्यान



11 जनवरी, वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम जागरूकता' विषयक एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया इसके मुख्य वक्ता एडवोकेट देवेन्द्र मोहन माथुर, अध्यक्ष, जिला आयोग उपभोक्ता संरक्षण, जयपुर, तृतीय ने कहा कि समाज को जागरूक एवं सजग करने हेतु प्रत्येक उपभोक्ता को उपभोक्ता अधिनियम की जानकारी होनी आवश्यक है जिससे एक उपभोक्ता अपने उत्पाद के बारे में लाभ हानि को जान सके। इस अवसर पर एडवोकेट कुनाल शर्मा, निदेशक विधि शाला ने भी उपभोक्ता संरक्षण विषयक विचार व्यक्त किये। प्रबंध निदेशक सी.ए. सुभाष अग्रवाल ने अतिथियों स्वागत एवं प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाटनी ने आभार व्यक्त किया। व्याख्यान में हिमांशु चौधरी, सी.ए.ख़ुशाल शर्मा उपस्थित रहे। समन्वय वाणिज्य - प्रबंधन विभागाध्यक्ष अविनाश तोतलानी, डॉ. पुनीत टाक डॉ. वर्षा जैन, पूनम झामनानी, प्रियंका कुमावत व श्रुति जैन ने किया। मंच संचालन छात्रा प्रेरणा पाटनी व गरिमा जैन ने किया।

## राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर



23-29 जनवरी, राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी डॉ. रूचि मिश्रा एवं डॉ. राधा गुप्ता द्वारा 'विकसित भारत 2047' थीम आधारित सात दिवसीय विशेष शिविर रखा गया। शिविर के अन्तर्गत महाविद्यालय में शबरी वाटिका की स्थापना, प्रभात फेरी, स्वच्छता श्रमदान, संवाद सर्वेक्षण, जागरूकता रैली, असहाय - भोजन वितरण, पौधारोपण, कौशल कार्यशाला, जागरूकता व्याख्यान, नारेली भ्रमण सहित एक भारत, श्रेष्ठ भारत' थीम पर फेटे आदि कार्यक्रम आयोजित किये गये।

## संविधान देश की गरिमा का परिचायक : मनीषा बेरवाल



26 जनवरी, 76 वें गणतंत्र दिवस की मुख्य अतिथि मनीषा बेरवाल, उप पंजीयन अधिकारी, किशनगढ़ ने ध्वजारोहण करते हुए कहा कि हमारा संविधान हमारे देश की गरिमा का परिचायक है। विशिष्ट अतिथि महावीर कोठारी ने कहा कि हमारे युवाओं के आत्मविश्वास के बल पर ही भावी भारत का निर्माण संभव है। संस्था निदेशक सुभाष अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत एवं प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र पाटनी, नर्सिंग प्राचार्य, हिमांशु राघव दाधीच ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। गणमान्य अतिथि डॉ. सहदेव दान बारहठ, नीरज अजमेरा, ओमप्रकाश मेणावत, जयश्री अग्रवाल, रमाकांत मुद्गल, विजय मुद्गल, संजय पांड्या, सी.ए. सुशील बंसल व आर.के.मार्बल से पधारे अतिथियों सहित पंजीयन विभाग से शिवराज चौधरी उपस्थित रहे। समन्वय सांस्कृतिक क्लब की डॉ. वर्षा जैन, रुचि चौहान, देवश्री जैन, प्रियंका कुमावत, अनुज काबरा एवं मंच संचालन डॉ. हुकम सिंह चंपावत, रोहिणी यादावार ने किया।

## सांभर झील महोत्सव - शैक्षणिक भ्रमण



31 जनवरी, स्नातकोत्तर प्राणी विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित सांभर झील महोत्सव - शैक्षणिक भ्रमण के अन्तर्गत छात्राओं ने रामसर साइट सांभर झील और शाकम्भरी माता के दर्शन कर पेरा सेलिंग, फैंसी काईट डेमो, हॉर्स एवं कैमल राइडिंग, फोटोग्राफी प्रदर्शनी, राजस्थानी लोक संस्कृति, जीप सफारी, आर्ट एंड क्राफ्ट आदि का लुत्फ उठाया। झील पर पक्षियों से सम्बन्धित शोध दृष्टि से पक्षीविद् गौरव दाधीच ने बर्ड वॉचिंग कराने के साथ ही सांभर झील की जानकारी प्रदान की। समन्वय करते हुए प्राणीशास्त्र विभागाध्यक्ष विश्वजीत जारोली ने बताया कि विद्यार्थियों में प्राणीशास्त्र से सम्बन्धित प्रायोगिक ज्ञान की स्थापना के लिए शैक्षणिक भ्रमण आवश्यक है। डॉ. उदीचि व्यास, सोनाली खियानी, निंकू टाक एवं अमित दाधीच ने सहयोग प्रदान किया।

## टेक क्लब द्वारा तकनीकी प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता



08 फरवरी, कंप्यूटर विज्ञान विभाग एवं टेक क्लब के संयुक्त तत्वावधान में 'टेक्नोवा - 2025' तकनीकी प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। संस्था निदेशक सुभाष अग्रवाल शुभारंभ करते हुए कहा कि तकनीक के माध्यम से नवाचार करती हुई हमारी वन्डर गर्ल्स कौशल की स्थापना कर रही है जो हमारे संस्थान के लिए उपलब्धि है। प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र पाटनी ने बताया कि क्विज प्रतियोगिता में प्रथम कुसुम लता कुमावत, द्वितीय पलक जैन व तृतीय स्थान पर नंदिनी खंडेलवाल रही। इस अवसर पर जयश्री अग्रवाल, सूर्या बंसल एवं नर्सिंग प्राचार्य हिमांशु राघव दाधीच उपस्थित रहे। समन्वय टैक क्लब डॉ. कपिला पारीक, मीना शर्मा, दिव्या कुमारी एवं संचालन छात्रा कनिष्का धूत, अदिति बजाज व साक्षी दाधीच ने किया।

## प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन



10 फरवरी, एंटरप्रेन्योरशिप, ट्रेनिंग और प्लेसमेंट सेल द्वारा एक महत्वपूर्ण प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में इमार्टिकस लर्निंग से आयुषी जॉय और एनआईआईटी से राजेन्द्र जोधा ने साक्षात्कार लिए। साक्षात्कार के माध्यम से एक्सिस बैंक, स्मार्ट स्ट्रीम डोयश बैंक, सिटी बैंक और बैंक ऑफ अमेरिका जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के लिए प्लेसमेंट की प्रक्रिया को संपन्न किया गया। प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाटनी ने बताया कि कुल 87 छात्राओं ने भाग लिया। संयोजन वाणिज्य एवं प्रबंधन विभागाध्यक्ष अविनाश तोतलानी, डॉ. पुनीत टाक और डॉ. वर्षा जैन ने किया।

## बौद्धिक संपदा अधिकार विषयक कार्यशाला



11 फरवरी, कम्प्यूटर विज्ञान विभाग एवं इंस्टीट्यूट इनोवेशन कौंसिल द्वारा 'बौद्धिक संपदा अधिकारों को समझना : नवाचार की रक्षा और सफलता' विषयक ऑनलाइन कार्यशाला के वक्ता, पंजीकृत पेटेंट और ट्रेडमार्क अधिवक्ता विकास असावत ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। समन्वयक डॉ. कपिला पारीक ने बताया कि इस कार्यशाला में 170 से अधिक शोधार्थियों ने भाग लिया। रोहिणी यादावार, मीना शर्मा, दिव्या कुमारी, मीना कुमारी जैन ने कार्यशाला में सहयोग प्रदान किया।

## राजस्थान विधानसभा : शैक्षणिक भ्रमण



07 फरवरी, राजनीति विज्ञान एवं अर्थशास्त्र विभाग द्वारा राजस्थान विधानसभा, जयपुर का शैक्षणिक भ्रमण रखा गया। इस सम्बन्ध में प्रबंध निदेशक सुभाष अग्रवाल ने कहा कि हमारे राज्य की विधान सभा किस प्रकार से अपने कार्यों की क्रियान्विति करती है इसका सूक्ष्म ज्ञान विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण है। प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाटनी ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों ने विधानसभा के संगठन, कार्यप्रणाली और राजस्थान की राजनीतिक प्रशासनिक व्यवस्था को समझा। समन्वय एन.एस.एस. प्रभारी डॉ. रुचि मिश्रा एवं डॉ. राधा गुप्ता ने किया।

## पाँच दिवसीय स्काउट गाइड रेंजर निपुण कैंप



14-18 नवम्बर, स्काउट गाइड रेंजर का स्काउट भवन, किशनगढ़ में पांच दिवसीय निपुण कैंप के संबंध में प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाटनी ने बताया कि इसके अन्तर्गत रेंजर्स ने स्काउट का अर्थ, उद्देश्य, सेवा एवं समर्पण भावना सहित स्काउट फ्लैग होस्टिंग, झंडा गीत, प्रार्थना, यूनिफॉर्म अनुशासन, कुकिंग फूड कंपटीशन व्याख्यान, ट्रैकिंग जैसी गतिविधियों में प्रतिभागी रहे। स्काउट गाइड रेंजर प्रभारी सृष्टि असाटी व सुगंधा मंत्री ने बताया कि इस कैंप में 22 रेंजर्स ने प्रथम सोपान पूर्ण किया।

## टशन-ए-फेयरवेल 2024-25 : मिस फेयरवेल वर्षा



टशन-ए-फेयरवेल 2024-25 के अतिथियों द्वारा विजेताओं का अभिनन्दन एवं सम्मान

15 फरवरी, टशन ए फेयरवेल पार्टी 2024-25 के मुख्य अतिथि सुनील टेलर, परीक्षा नियंत्रक, महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर ने कहा कि किसी कार्य को लगन और मेहनत से किया जाए तो सफलता सदैव आपके जीवन में प्राप्त होती है। विशिष्ट अतिथि शांता पाटनी, आर.के.परिवार ने कहा कि किशनगढ़ क्षेत्र में बालिका उच्च शिक्षा की संकल्पना को साकार करता हमारा यह संस्थान अनवरत प्रगतिशील है एवं बेटियाँ अपने भविष्य निर्माण कर घर समाज को गर्व प्रदान कर रही है। प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष महावीर कोठारी ने विचार व्यक्त करते हुए बेटियों को लक्ष्य निर्धारित कर भविष्य निर्माण की सीख दी। संस्थान के निदेशक सुभाष अग्रवाल एवं अतिथियों ने फेयरवेल कार्यक्रम में विजेता रहे प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जिसमें वर्षा सेन, टशन ए टाइमलेस आइकन, मुस्कान सोलंकी, टशन ए हार्ट ऑफ़ फेयरवेल मनस्वी वैष्णव, टशन ए विजनरी दिव्या शर्मा, टशन ए स्टार परफॉर्मर प्रेरणा पाटनी, टशन ए रॉकस्टार सिद्धि राजावत, हंसा चौधरी, टशन ए मेमोरी कीप अप भाविका शर्मा, टशन ए गोल्डन हार्ट झिलमिल जैन रही रही।

निर्णायक की भूमिका करिश्मा जैन प्रेसीडेंसी स्कूल, पूजा पारीक अग्रवाल स्कूल, संगीता सैनी राजकीय उच्च माध्यमिक बालिका विद्यालय ने निभाई। प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र पाटनी व प्राचार्य हिमांशु राघव दाधीच ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। समन्वय कल्चरल क्लब की डॉ वर्षा जैन, रुचि चौहान, देवश्री जैन, ज्योति चौहान, रक्षिता, अनुज कबरा, दिव्या कुमारी व मंच संचालन रोहिणी यादावर के निर्देशन में छात्रा अवनी रांका, गिविशा और माधवी उपाध्याय ने किया।

## विश्व कविता दिवस पर काव्य पाठ



21 मार्च, विश्व कविता दिवस के उपलक्ष्य में अंग्रेजी विभाग एवं साहित्य क्लब के संयुक्त तत्वावधान काव्य पाठ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया। समन्वय डॉ. हुकम सिंह चम्पावत, डॉ. ज्योति शर्मा, डिम्पल ज्योतियाना व कविता प्रियदर्शिनी ने किया।

## व्यक्तित्व विकास पर कार्यशाला में रही भागीदारी



मुख्य वक्ता पूर्व आई.जी. आनन्दवर्धन शुक्ला

24 फरवरी, प्रबंधन संकाय, एम.डी.एस. यूनिवर्सिटी, अजमेर द्वारा आयोजित व्यक्तित्व विकास विषयक एक दिवसीय कार्यशाला के मुख्य वक्ता पूर्व आई.जी. आनन्दवर्धन शुक्ला ने अपने उद्‌बोधन में व्यक्तित्व विकास में संचार एवं प्रबंधन कौशल अतिआवश्यक है। इस संबंध में महाविद्यालय बी.बी.ए. संकाय के सहायक आचार्य हेमन्त शर्मा ने बताया कि इस कार्यशाला में बी.बी.ए. के विद्यार्थियों एव संकाय सदस्यों ने हिस्सा लेते हुए व्यक्तित्व एवं संचार कौशल ज्ञान को विस्तृत स्वरूप में जाना एवं समझा।

## कला व सौंदर्य विषयक कार्यशाला

04 मई, शिक्षा विभाग पाठ्यक्रम अनुसार कला व सौंदर्य विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि एवं चित्रकला विशेषज्ञ धनंजय सिंह चौहान, राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, किशनगढ़ ने कार्यशाला में चित्रकला से जुड़ी बारीकियों से अवगत कराते हुए उन्हें स्केचिंग, कलरिंग, कलर मिक्सिंग, छायांकन प्रभाव, स्केच बोर्ड आर्ट आदि से लाभान्वित किया। शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. स्मिता पंचोली ने बताया कि कला जीवन का अनिवार्य अंग है एवं चित्रकला के माध्यम से व्यक्तिअपनी अनुभूतियों को उकेर सकता है। कार्यशाला समन्वय शिक्षा विभाग की सहायक आचार्य ज्योति चौहान ने किया।

# खबर यह भी...

## कोमल शर्मा का ताइक्वांडो टीम में चयन



09 नवम्बर, बी.ए.तृतीय वर्ष की खिलाड़ी कोमल शर्मा का चयन ऑल इंडिया ताइक्वांडो टीम -57 किलोग्राम वेट कैटिगरी में हुआ। प्राचार्य डॉ. शैलेंद्र पाटनी व खेल विभागाध्यक्ष सृष्टि असाटी ने बताया कि कोमल शर्मा ने संस्था का नाम रोशन करते हुए यूनिवर्सिटी की ओर से अमृतसर में प्रतिनिधित्व किया।

## स्पोर्ट्स उपलब्धियाँ

- महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर द्वारा आयोजित 37 वें अन्तरमहाविद्यालय बॉक्सिंग पुरूष/महिला प्रतियोगिता में 54-57 किलो वजन में लक्ष्मी राठौड़, कला संकाय द्वितीय वर्ष ने सिल्वर मेडल जीता।
- महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर द्वारा आयोजित 37 वें अन्तरमहाविद्यालय लॉन टेनिस महिला प्रतियोगिता में मोनिका चौधरी, द्वितीय वर्ष बी.ए.बी.एड. ने सिल्वर मेडल जीता।
- महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर द्वारा आयोजित 37 वें अन्तरमहाविद्यालय लॉन टेनिस महिला प्रतियोगिता में कल्पना मीणा, एम. एससी. पूर्वार्द्ध, मोनिका चौधरी, द्वितीय वर्ष बी.ए.बी.एड. एवं खुशी चौधरी, कला संकाय प्रथम वर्ष ने सिल्वर मेडल जीता। विभाग की सहायक आचार्य ज्योति चौहान ने समन्वय किया।
- कल्पना मीणा, एम.एससी. ( जूलॉजी ) व मोनिका चौधरी, बी.ए.बी.एड. का वेस्ट जॉन अंतर विश्वविद्यालय लॉन टेनिस टीम व राशि शर्मा बी.सी.ए. तृतीय सेमेस्टर का वेस्ट जोन अंतर विश्वविद्यालय बास्केटबॉल टीम में चयन हुआ।

## 37 वीं अन्तरमहाविद्यालय लॉन टेनिस खेल में रनरअप



14 अक्टूबर, महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर द्वारा आयोजित 37 वीं अन्तरमहाविद्यालय लॉन टेनिस मेन-वुमेन प्रतियोगिता का समापन हुआ इस अवसर पर विजेताओं को पुरस्कृत करते प्रबंध निदेशक सुभाष अग्रवाल ने कहा कि खेल हमारे जीवन का अमिट हिस्सा है इसमें उत्साह का संचार रहता है जिससे एक खिलाड़ी अपनी जीत की ओर बढ़ता है। प्राचार्य डॉ. शैलेन्द्र पाटनी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में गर्ल्स की तीन टीम एवं बॉयज में पांच टीम ने भाग लिया। गर्ल्स लॉन टेनिस में विजेता टीम के साथ हमारे महाविद्यालय की टीम रनरअप रही। इस अवसर पर यूनिवर्सिटी पर्यवेक्षक जे.के. त्रिपाठी, प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल व खेल विभाग की सृष्टि असाटी उपस्थित रहे।

## पी.टी.एम. का आयोजन



पी.टी.एम. में छात्रा, शिक्षिकाऐं, अभिभावक

03 मई, शिक्षा विभाग द्वारा सत्र 2024-25 में बी.एससी.बी.एड एव बी.ए.बी.एड में अध्ययनरत विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु वर्षपर्यन्त महाविद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों से अभिभावकों को अवगत कराने हेतु शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। शिक्षा विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. स्मिता पंचौली ने बताया कि इस पी.टी.एम. में अभिभावकों से विद्यार्थियों के बारे में उनके अध्ययन व सर्वांगीध विकास से संबंधित चर्चा हुई।